Surveillance aircraft during the period from July 1993 to November 1997 have been reported.

(c) All the five incidents were taken up with the Australian Government and suitable protest lodged against Australia's unfriendly and provocative acts.

(d) The reaction of the Australian Government is that surveillance at high seas did not constitute any violation of norms and the Australian tactics are not different from those adopted by other armed forces in the region.

रक्षा मंत्री द्वारा दिया गया बयान

7. **श्री शिवचरण सिंह:**
श्री गोविन्दराम मिरी:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 8 मई, 1998 को "दि हिन्दुस्तान टाइम्स" के नई दिल्ली संस्करण में "मिनिस्टिर्स स्टेटमेन्ट्स डोन्ट मैटर" नामक शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर आकर्षित किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

रक्षा मंत्री (श्री जार्ज फर्नान्डीज): (क) जी, हां।

(ख) एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

विवरण

सरकार ने गुवाहाटी से 7 मई, 1998 को प्रकाशित उस समाचार रिपोर्ट का अवलोकन किया है जो जनरल मलिक: मंत्री के वकतव्य का कोई औचित्य नहीं है, नामक शीर्षक के अन्तर्गत छपा है और जिसे आज (8 मई, 1998) के "हिन्दुस्तान टाइम्स" के प्रथम पृष्ठ पर प्रकाशित किया गया है। इस समाचार में सेना अध्यक्ष की यह टिप्पणी उद्धृत की गई है कि कुछ विशिष्ट मामलों पर रक्षा मंत्री द्वारा व्यक्त विचार तथा अन्य कथित टिप्पणियां असंगत है।

सही स्थिति यह है कि 7 मई, 1998 को सेनाध्यक्ष ने असम में उदलगुड़ी स्थित चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया था। इस शिविर का आयोजन मुख्यालय, 4 कोर ने किया था और इस अवसर पर कुछ संवाददाता (मुख्यतः स्थानीय) मौजूद थे। इस अवसर के पश्चात् प्रैस के साथ संक्षिप्त बातचीत के दौरान चीन के संबंध में रक्षा मंत्री की स्थिति टिप्पणी पर सेनाध्यक्ष की प्रतिक्रिया चाही गई थी। सेनाध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से इस विषय पर कोई टिप्पणी करने या इस संबंध में चर्चा करने से मना कर दिया था। इस घटना को स्थानीय समाचार पत्रों और 8 मई, 1998 के हिन्दु में व्यापक रूप से प्रचारित किया गया। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस मामले पर हिन्दुस्तान टाइम्स के समाचार की किसी अन्य समाचार पत्र ने पुष्टि नहीं की।

अतः यह स्पष्ट है कि उक्त रिपोर्ट मे कोई सच्चाई नहीं है।

यह मालूम हुआ है कि इस अखबार का कोई भी पत्रकार चिकित्सा शिविर के दौरान उपस्थित नहीं था।

Strategic Review

8. SHRI NILOTPAL BASU: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government are taking up a strategic review;

(b) if so, the details thereof, with a tentative time frame for the commissioning and conclusion of such a review; and

(c) whether or not his statements on China would prejudice the process of review?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI GEORGE FERNANDES): (a) and (b) Government is committed to undertaking a strategic defence review by the National Security Council that will be established on the basis of the recommendations of the Task Force established for this purpose.

(c) No, Sir. The statements on China will not prejudice the process of review.